


## ब्रीफ न्यूज

### आसाराम को मिली 30 दिन की पैरोल



**जोधपुर, आरएनएन।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम जेल से बाहर आ गया है। जोधपुर हाईकोर्ट ने 7 नवंबर को आसाराम को इलाज के लिए 30 दिन की पैरोल दी थी। वह जोधपुर के भगत की कोठी स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में अपना इलाज करवाएगा। उसे रविवार रात एम्बुलेंस के जरिए लाया गया और अस्पताल में भर्ती करवाया। इस दौरान आसाराम को देखने के लिए अस्पताल के बाहर उसके समर्थकों की भीड़ जुट गई।

### जेट एयरवेज फाउंडर गोयल को बेल



**नई दिल्ली, आरएनएन।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को मेडिकल बेस पर जमानत दी है। गोयल ने चिकित्सा और मानवीय कारणों का हवाला देते हुए जमानत मांगी थी। नरेश कैंसर से पीड़ित हैं और उनका इलाज रिलायंस अस्पताल में चल रहा है। नरेश को 1 सितंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वहीं इसी साल मई में भी दो महीने के लिए नरेश गोयल को कैंसर के इलाज के लिए अंतरिम मेडिकल जमानत दी गई थी।

### जापान के प्रधानमंत्री चुने गए इशिबा



**टोक्यो, (आरएनएन)।** जापान की एलडीपी नेता शिगेरू इशिबा को जापानी संसद के दोनों सदनों में सबसे ज्यादा वोट मिलने के बाद सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के तौर पर फिर से चुना गया। संसद ने पीएम चुनने असाधारण सत्र बुलाया। पिछले माह हुए आम चुनाव में एलडीपी और कोमीतो के सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपना लंबे समय से कायम बहुमत खो दिया था, इसलिए वोट इशिबा और प्रमुख विपक्षी संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता योशीहिको नोडा के बीच एक दूसरे दौर के मुकाबले में बदल गया। प्रतिनिधि सभा में दूसरे दौर के मतदान में इशिबा (67 ) को 221 वोट मिले, जिससे वह नोडा से बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश के 103वें पीएम बन गए।



### केरल में सीप्लेन का हुआ शुभारंभ

**कोच्चि, (आरएनएन)।** केरल के पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने सोमवार को बंदरगाह शहर के बोलगट्टी पैलेस वाटरड्रोम से राज्य के पहले सीप्लेन (तैरता विमान) को हरी झंडी दिखाई। सीप्लेन कोच्चि बैकवाटर से उड़ान भरकर इडुक्की जिले के मट्टुपेट्टी बांध में उतरा।पर्यटन एवं लोक निर्माण मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने बंदरगाह शहर के बोलगट्टी पैलेस वाटरड्रोम से तैरता हुये विमान को हरी झंडी दिखाई। मंत्री ने उद्योग मंत्री पी राजीव, सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ 17 सीटों वाले विमान में एक छोटी यात्रा भी की। उन्होंने कहा कि सीप्लेन सेवाओं के जुड़ने से राज्य के दूरदराज के इलाकों तक कम समय और कम लागत में पहुंचना संभव हो सकेगा।

# गुलमर्ग-साधना टॉप में ताजा बर्फबारी, घाटी ने ओढ़ी सफेद चादर

**श्रीनगर,(आरएनएन)।** गुलमर्ग इस समय गुलजार हो गया है। दरअसल, पर्यटकों के आवागमन के साथ-साथ यहां सोमवार को ताजा बर्फबारी हुई है। अब तक दो इंच बर्फ जमा हो चुकी है। यहां के तापमान की बात करें तो तापमान की बात करें तो फिलहाल 5 डिग्री सेल्सियस से कम है। पर्यटकों से गुलमर्ग गुलजार हुआ।

साधना टॉप पर लगभग 4 इंच बर्फबारी दर्ज की गई, क्षेत्र में बर्फबारी जारी है। पीर की गली में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई।जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी की वजह से जम्मू आने वाली कई फ्लाइट्स रद कर दी गई हैं। रविवार सुबह दिल्ली से आने वाला इंडिगो का विमान अपने निर्धारित समय से दस मिनट की देरी पर 8.55 बजे जम्मू एयरपोर्ट पर उतारा।

**जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी का पर्यटकों ने उठाया लुत्फ**

उसके बाद आसमान में धुंध ज्यादा छाने से एयरपोर्ट पर दृश्यता कम होने लगी। ऐसे में एयरपोर्ट पर विमानों को उतारने में जोखिम को देखते हुए लेह से आने वाला एयर इंडिया का सुबह 9.40 बजे आने वाला विमान जम्मू नहीं आया। कश्मीर घाटी में सोमवार जगह-जगह बर्फबारी हुई है।

गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया है। अभी तक यहां दो इंच बर्फ जमा हो चुकी है और तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से कम है। साधना टॉप पर लगभग 4 इंच बर्फबारी दर्ज की गई है। उधर पीर की गली में भी हल्की बर्फबारी हुई है।

**भारत का एयर डिफेंस सिस्टम अब और होगा मजबूत**

# भारत-रूस के बीच पांत्सिर एयर डिफेंस मिसाइल गन सिस्टम के लिए नई डील

## इसका ट्रैकिंग सिस्टम हवा में 36 किमी. दूर का भी टारगेट ट्रैक करने में सक्षम

**नई दिल्ली , (आरएनएन)।** भारत के एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूत बनाने के लिए भारत डाइनैमिक्स लिमिटेड (बीडीए) ने रूस के नई डील की है। ये डील एडवांस पांत्सिर एयर डिफेंस मिसाइल गन सिस्टम के लिए रूस सरकार के नियंत्रण वाली हथियार एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट (आरओई) के साथ की गई है।

पांत्सिर एयर डिफेंस सिस्टम वर्सेटाइल मोबाइल प्लेटफॉर्म है, जो आर्मी बेस और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को हवाई हमलों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है, इसमें एयरक्रॉफ्ट, ड्रोन और सटीक निर्देशित युद्ध सामग्री शामिल है। इसमें एडवांस रडार और ट्रैकिंग सिस्टम है। जो 36 किमी दूर और 15 किमी की ऊंचाई तक के टारगेट का पता लगाने और अटैक करने की सक्षम है। दोनों देशों के बीच ये इस डिफेंस सिस्टम के लिए समझौता गोवा में आयोजित 5वें भारत-रूस इंटर गवर्नमेंटल कमिशन (आईआरआईजीसी) सबग्रुप मीटिंग के दौरान हुआ।

### डील मेक इन इंडिया इनिशिएटिव का हिस्सा

बीडीएल और आरओई का टारगेट पांत्सिर वैरिएंट के मैन्यूफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और जॉइंट डेवलपमेंट के लिए नए रास्ते तलाशना है। ये मेक इन इंडिया इनिशिएटिव के तहत डिफेंस प्रोडक्शन में सेल्फ डिपेंड होने के लिए भारत के टारगेट में शामिल है।

### भारत ने साइन की थी 5 अरब डॉलर की डील

भारत ने 2018 में रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए डील की थी। इस डील के तहत अगले 5 सालों में भारत को ये सभी एयर डिफेंस सिस्टम मिलने थे। भारत को अभी तक रूस ने सिर्फ 3 ही एयर डिफेंस सिस्टम भारत को दिए है। अभी भी 2 एस-400 भारत को मिलना बाकी हैं। इसके पीछे की एक बड़ी वजह यूक्रेन जंग को माना जा रहा है, जिसके चलते एयर डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है।



### भारत में मैंगो मिसाइल बनाने की डील

रूस की सरकारी डिफेंस कंपनी रोस्टेक ने इसी साल जून महीने में बताया था कि उसने भारत में मैंगो मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए काम शुरू किया है। मैंगो मिसाइल एक तरह के शेल्स यानी गोले होते हैं, जिन्हें टैंक की मदद से फायर किया जाता है। रोस्टेक ने बताया कि वो भारत में बारूद के उत्पादन को लेकर भी प्लान बना रही है। 125 मिमी कैलिबर की टैंक गन से फायर होने वाले ये शेल्स या गोले कवच से लैस टैंकों और आर्मर्ड वाहनों को फाड़कर अंदर घुसने में सक्षम हैं। ये गोले टैंकों की मजबूत बाहरी संरचना को भेद सकते हैं, उनमें प्रवेश कर सकते हैं और फिर फट सकते हैं। आसान भाषा में कहें तो जब इसे टैंक से फायर किया जाता है तो ये सबसे पहले टारगेट को फाड़कर अंदर घुसता है और उसके बाद ब्लास्ट हो जाता है। ये शेल्स 2000 मीटर की दूरी तक 60 डिग्री के कोण से 230 मिमी के स्टील को भेद सकता है। इसके अलावा सीधे यानी 0 डिग्री पर फायर करने पर ये 520 मिमी के स्टील को फाड़ सकता है।

**कोलकाता रेप-मर्डर का आरोपी संजय राय बोला**

# पुलिस कमिश्नर गोयल ने मुझे फंसाया उसी ने पूरी घटना की रची थी साजिश

### पुलिस वैन से चीख-चीखकर पूरी घटना के लिए ममता सरकार को बताया आरोपी

**कोलकाता, आरएनएन।** कोलकाता के आरजी कर कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने एक बार फिर इस पूरी घटना के लिए ममता सरकार को आरोपी बताया है। इस बार उसने विनीत गोयल का नाम लिया है, जो घटना के समय पुलिस कमिश्नर थे। सोमवार को सियालदह कोर्ट में पेशी के बाद उसे वापस ले जा रहे थे तब उसने पुलिस वैन से चीख-चीखकर कहा कि मैं आपको बता रहा हूं कि वह विनीत गोयल था जिसने पूरी घटना की साजिश रची और मुझे फंसाया।



इससे पहले 4 नवंबर को संजय ने पहली बार ममता सरकार पर आरोप लगाया था। सियालदह कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस जब संजय को बाहर लेकर निकली तो पहली बार वह कैमरे पर कहता नजर आया कि ममता सरकार उसे फंसा रही है। उसे मुंह न खोलने की धमकी दी गई है। आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। 10 अगस्त को पुलिस ने संजय रॉय को गिरफ्तार किया था। 4 नवंबर को सियालदह कोर्ट ने कोलकाता के संजय के खिलाफ आरोप तय किए।

### संजय को सीबीआई ने चार्जशीट में माना आरोपी

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपी बताया है। इसके अलावा केस को गैंगरेप की बजाय रेप केस बताया है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि पीड़ित के शरीर से मिला सीमन सैंपल और खून आरोपी से मैच हो चुका है। वहीं क्राइम सीन पर मिले छोटे बाल भी फोरेंसिक जांच के बाद आरोपी के बालों से मैच हो गए हैं। सीबीआई की चार्जशीट में 100 गवाहों के बयान, 12 पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, फोरेंसिक रिपोर्ट, मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन जैसी चीजें शामिल हैं। इसके अलावा वारदात के दिन आरोपी का इयरफोन और मोबाइल ब्लूटूथ से कनेक्ट हो गया था। इसे भी चार्जशीट में अहम सबूत माना गया है।

### सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है मामला

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में एक्शन लेते हुए डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने और वर्कप्लेस पर बेहतर स्थिति के निर्देश दिए थे। कलकत्ता हाईकोर्ट ने केस की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई ने संजय रॉय को इस केस का एकमात्र आरोपी पाया है। हालांकि मामले में शामिल होने के आरोप में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को भी गिरफ्तार किया गया है।

# हिजबुल्लाह ने इजराइल को फिर दहलाया

**बेरूत, (आरएनएन)।** इजराइल इस वक्त हमास और हिजबुल्लाह आतंकियों के खिलाफ दो मोर्चों में सीधी लड़ाई लड़ रहा है। इस बीच सोमवार को इजराइली शहर हाइफा में लेबनान से 90 मिसाइलें दागी गई। मिसाइलें शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गिरी हैं। ज्यादातर मिसाइलों को इजराइली वायु रक्षा प्रणाली शिन बेट और आयरन डोम रोकने में नाकाम रहा। इस हमले से शहरवासियों में हड़कंप मच गया। क्षेत्र में कई इमारतें ध्वस्त हो गई और वाहनों में आग लग गई। कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

लेबनान स्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह ने सोमवार को इजराइल पर ताजा हमला किया। देश के उत्तरी शहर हाइफा पर 90 से अधिक मिसाइलें दागी गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए और क्षेत्र में इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों में एक बच्चे सहित कम से कम चार लोग घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि हिजबुल्लाह के रॉकेटों की बौछार को इजरायल की



रक्षा प्रणाली 'आयरन डोम' द्वारा रोक दिया गया था, लेकिन कुछ रॉकेट हाइफा खाड़ी के आबादी वाले क्षेत्रों में गिरे, जिससे व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है। इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसके गैलील क्षेत्र में रॉकेट दागे गए, जिनमें से कई को हवाई सुरक्षा द्वारा रोक दिया गया, जबकि कई रॉकेट कारमील क्षेत्र और आसपास के शहरों पर गिरे।

**90 मिसाइलें दागी, कई इमारतें ध्वस्त**

### हरियाणा में भाजपा विधायक के बिगड़े बोल, बाद में मांगी माफी

**कैथल, (आरएनएन)।** हरियाणा में भाजपा विधायक के महिला सरपंच पर दिए बयान को लेकर विवाद हो गया है। कैथल की पुंडरी सीट से विधायक सतपाल जांबा ने चुनाव में जीत के बाद धन्यवादी दौरे के दौरान यह बयान एक गांव में दिया था। जिसमें विधायक सतपाल जांबा ने सरपंच प्रतिनिधि से बात करते हुए कहा- आप प्रतिनिधि हो तो गांव की सरपंच कहां है। इस पर सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि वह तो घर पर है।

इसके बाद विधायक जांबा ने सरपंच प्रतिनिधि से कहा- सरपंचनी को बुला दो, हमें भी थोड़ी फीलिंग आ जाएगी कि हमें भी कोई देखने-सुनने आया है। यह तो गलत बात है। अन्याय है। विधायक के इस बयान का वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। जिसको लेकर सोशल मीडिया पर भी विधायक को ट्रोल किया जा रहा है कि महिला सरपंच के लिए उनकी यह बातें आपत्तिजनक हैं। इसके बाद दूसरे कार्यक्रम में विधायक ने सरपंच से माफी मांग ली।

### प्रयागराज में 10 हजार छात्रों का विशाल प्रदर्शन

**प्रयागराज, (आरएनएन)।** प्रयागराज में यूपीपीएससी आफिस के सामने प्रदर्शन कर रहे कैंडीडेट्स को पुलिस ने लाठीचार्ज करके खदेड़ दिया। इस दौरान भगदड़ मची, जिससे कई छात्र चोटिल हो गए। करीब 10 हजार छात्र अयोग के कार्यालय से थोड़ी दूर धरने पर बैठ गए हैं। नारे लगा रहे हैं कि बंटेंगे नहीं। न्याय मिलने तक हटेंगे नहीं। सोमवार को यूपी पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षा के हजारों कैंडीडेट्स यूपी, एमपी, बिहार समेत कई राज्यों से आयोग कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। प्रदर्शन पहले से ही तय होने के चलते पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था थी।


**कार्यालय सेनानी 15वीं वाहिनी वि.स.बल इंदौर (म.प्र.)**
**फैक्स नं. 0731-2419884, टेलीफोन नं. 2419884**

क्रमांक/15.बटा./सा.अ./पी-2740/2024 दिनांक 08/11/2024

**॥ ई-निविदा आमंत्रण सूचना ॥**

15वी वाहिनी विसबल, इंदौर को वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लघुनिर्माण मद में प्राप्त आवंटन से किला मैदान व सीसी लाईन स्थित आवासो में पानी सप्लाय के लिए दो संपवेल (25000 ली.) निर्माण कार्य कराने के लिए आवश्यक जानकारी एवं टेण्डर फार्म, इच्छुक निविदाकारो के लिये निविदा शुल्क रुपये 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) 8443-सिविल जमा-0055-पुलिस-800-अन्य जमा में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में आनलाईन जमा कर विज्ञापन जारी होने के दिनांक से 01.12.2024 समय 15.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा की विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर भी उपलब्ध है।
2. आनलाईन ई-निविदा केवल वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर तकनीकी एवं व्यावसायिक निविदा पृथक-पृथक जमा की जा सकेगी।
3. आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 01.12.2024 समय 17.00 बजे तक है।
4. तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक 02.12.2024 समय 12.00 बजे 15वी वानिही विसबल, इंदौर कार्यालय परिसर में खोली जावेगी।
5. व्यावसायिक निविदा खोलने का दिनांक 03.12.2024 समय 16.00 बजे 15वी वाहिनी विसबल, इंदौर कार्यालय परिसर में खोली जावेगी।

सेनानी
15वी वाहिनी विसबल, इन्दौर

G-18805/24 स्वच्छता ही सेवा



**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा- आर.ए.सी.पी.सी.-2, इंदौर

शाखा- आर.ए.सी.पी.सी.-2, विद्याराज एनेक्स बी-1, वसंत विहार, सत्यसांई स्कूल के पास विजय नगर इन्दौर (म.प्र.) 452010 फोन: 0731-2570796

**विक्रय नोटिस**

परिशिष्ट – IV ए (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित हैं, का सांकेतिक / भौतिक कब्जा (नीचे वर्णित) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नलिखित उधार लेने वाले और प्रत्याभूति –दाता से बकाया राशि (संबद्ध कॉलम में नीचे वर्णित) की वसूली हेतु दिनांक **17.12.2024** (विक्रय की तारीख) को **समय प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे** तक बेचा जाएगा, जिसका आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि संबद्ध कॉलम में नीचे वर्णित है :–

**ई–नीलामी दिनांक 17.12.2024, ई–नीलामी का समय : प्रात : 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ**

| क्र. | उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता का विवरण | संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण अन्य ज्ञात–ऋण भार, यदि कोई हो | टायटल धारक का नाम | बकाया राशि (रूपये में) जिसकी वसूली हेतु संपत्ति बेची जा रही है | आरक्षित मूल्य (रु.लाख में) ईएमडी (धरोहर राशि) वृद्धि दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **1. श्री दिनेश डोंगरे पिता श्री कचरु डोंगरे, पता :** फ्लेट नं. 305, तीसरी मंजिल, युक्ति नारायणी अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर डी- 12 श्रीजी वैली, ग्राम बिचौली मर्दाना , इन्दौर म.प्र. | फ्लेट नं. 305, तीसरी मंजिल, युक्ति नारायणी अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर डी- 12 श्रीजी वैली, ग्राम बिचौली मर्दाना , इन्दौर म.प्र., **क्षेत्रफल : 520 वर्ग फीट, चतुर्सीमा : पुर्व :** प्लॉट नं.ई-4, **पश्चिम :** प्रकोष्ठ नं. 304, **उत्तर :** प्लॉट नं.डी-11, **दक्षिण :** प्रकोष्ठ नं. 306 | श्री दिनेश डोंगरे पिता श्री कचरु डोंगरे | **6,39,122.00** + देय ब्याज + कानूनी व्यय + अन्य खर्च (-) जमा राशि | 7,95,000<br>79,500<br>10,000 |

इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता **M/s PSB Alliance Pvt. Ltd.** के संबंधित ई–नीलामी वेब पोर्टल :**https://ebkray.in/eauction-psb/bidder-registration** में रजिस्टेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को टांसफर करना होगा । यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्टेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी जमा अग्रिम रूप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय / विभाग से जानकारी प्राप्त करें। संपत्तियों से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। इच्छुक बोलीदाता ई–नीलामी बंद होने से पहले **M/s PSB Alliance** के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकता है। **M/s PSB Alliance** के बैंक खाते मे भुगतान की प्राप्ति और ई–नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री–बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली–पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।

ई–नीलामी **''जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर एवं ऑनलाइन होगी। ई - नीलामी की प्रक्रिया बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता **M/s PSB Alliance द्वारा संचालित की जावेगी। वेब पोर्टल : https://ebkray.in** ऑनलाइन नीलामी बिक्री टेंडर दस्तावेज, ऑनलाइन ई–नीलामी निविदा फार्म, घोषणा पत्र, नियम एवं शर्ते वेबसाईट पर उपलब्ध है। विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गये स्टेट बैंक ऑफ इंड़िया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात **https://www.sbi.co.in** एवं **https://ebkray.in** देखें।

**यह प्रकाशन ऋणी / जमानतदारों/ बंधककर्ताओं को प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अन्तर्गत 30 दिवसीय सूचना भी है।**

**संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय : 15.12.2024 (पूर्व में लिए गए समय अनुसार)**

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 12.11.2024 — प्राधिकृत अधिकारी,भारतीय स्टेट बैंक, इन्दौर



Yellow Diamond

**PRATAAP SNACKS LIMITED**

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore, Madhya Pradesh, 452020, India
Tel: (91 731) 243 7604/642; Fax: (91 731) 243 7605, CIN: L15311MP2009PLC021746, Website: www.yellowdiamond.in, E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

**EXTRACT OF UNAUDITED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF-YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2024**

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | HALF-YEAR ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2024 Unaudited | 30.06.2024 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 30.09.2024 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 31.03.2024 Audited |
| Total revenue from operations | 44,108.37 | 42,143.72 | 43,370.16 | 86,252.09 | 82,152.32 | 1,61,793.12 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items) | 235.36 | 1,282.30 | 2,301.62 | 1,517.66 | 4,098.58 | 7,741.19 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 1,128.17 | 1,282.30 | 2,301.62 | 2,410.47 | 4,002.67 | 7,645.28 |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 615.38 | 943.91 | 1,652.44 | 1,559.29 | 2,994.91 | 5,312.26 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 616.42 | 896.53 | 1,666.64 | 1,512.95 | 3,012.90 | 5,337.01 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,193.67 | 1,193.67 | 1,192.97 | 1,193.67 | 1,192.97 | 1,193.67 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | | | 71,682.20 |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | | | |
| Basic - INR | 2.58 | 3.95 | 6.93 | 6.53 | 12.55 | 22.26 |
| Diluted - INR | 2.58 | 3.95 | 6.92 | 6.52 | 12.54 | 22.22 |

Notes:
1 The above Ind AS financial results of the Company have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 11 November 2024.
2 The Company has determined 'Snacks Food' as the only reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and for assessing performance. There are no other reportable segments as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.
3 The Board of Directors in their meeting held on 20 May 2024 had recommended a dividend @40% on equity shares of INR 5 each of the Company (i.e. INR 2 per equity share) for the financial year 2023-24. The same has been approved in the Annual General Meeting of the Company held on 23 September 2024.
4 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Ind AS Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30 September 2024, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Unaudited Ind AS Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30 September 2024 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For **Prataap Snacks Limited**

Place: Indore
Date: 11th November, 2024

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer

ANIL PUB.